# आकाशवाणी शिमला
## 11.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों ने विभिन्न देशों में जिस प्रकार से पहलगाम के आतंकवादी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकवाद का सफाया करने की आवश्यकता के संबंध में भारत के विचारों को प्रस्तुत किया उस पर उन्हें गर्व है। प्रधानमंत्री ने पिछले कुछ हफ्तों में विश्व के 33 देशों की यात्रा करने वाले बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों से कल मुलाकात की, जिसमें सांसद और पूर्व राजनयिक शामिल थे। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि इन प्रतिनिधियों ने शांति के लिए भारत की प्रतिबद्धता और आतंकवाद को खत्म करने की आवश्यकता को स्पष्ट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात में अपने अनुभव साझा किए।

**योग दिवस**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को होने वाले योग संगम की मेजबानी के लिए देशभर से 50 हजार से अधिक संगठनों ने पंजीकरण कराया है, जो सामूहिक भागीदारी के लिए एक नया मानक है। इस वर्ष का विषय है एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग जो एकता और स्वास्थ्य के लिए एक सार्वभौमिक आह्वान करता है। आयुष मंत्रालय ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम, योग संगम 2025 की मेजबानी एक लाख से अधिक स्थानों पर होने की उम्मीद है। आयुष मंत्रालय नागरिकों, संस्थानों और समुदायों को इस वैश्विक उत्सव में एक साथ आने के लिए आमंत्रित करता है।

**जयंती**

देशभर में आज संत कबीरदास जयंती मनाई जा रही है। कबीरदास न सिर्फ एक कवि और लेखक थे बल्कि समाज सुधारक भी थे। इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संत कबीरदास जी को उनकी जयंती पर नमन किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सामाजिक समरसता के प्रति आजीवन समर्पित रहे संत कबीरदास जी के दोहों में जहां शब्दों की सरलता है, वहीं भावों की प्रगाढ़ता भी है। इसलिए आज भी भारतीय जनमानस पर उनका गहरा प्रभाव है। समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने में उनके योगदान को हमेशा श्रद्धापूर्वक स्मरण किया जाएगा। इस अवसर पर देश सहित प्रदेश भर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

**मौसम**

देश के मैदानी इलाकों में पड़ रही भीषण गर्मी की तपिश हिमाचल के ठंडे पहाड़ों तक भी पहुंच गई है। राज्य के मैदानी जिलों ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, कांगड़ा, मण्डी, सोलन और सिरमौर जिलों में लोगों को जबरदस्त गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। हमीरपुर, कुल्लू, मण्डी, बिलासपुर और ऊना में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सैल्सियस से ऊपर दर्ज किया जा रहा है। शिमला में भी अधिकतम तापमान 30 डिग्री सैल्सियस तक पहुंच गया है। मौसम विभाग ने इन जिलों में अगले दो दिनों के लिए लू चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने कहा कि 13 से 15 जून तक प्रदेश में अलग–अलग स्थानों पर वर्षा होने और अंधड़ चलने की सम्भावना है।

**कांउसलिंग**

तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश के लिए कांउसलिंग प्रक्रिया शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय ने बी.टैक, बी.फार्मेसी, एम.टेक, एम.बी.ए, एम.सी.ए, बी.आर्क और अन्य विषयों की कांउसलिंग के लिए ऑनलाईन आवेदन मांगे हैं। विश्वविद्यालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि पात्र अभ्यार्थी 30

जून तक कांउसलिंग का ऑनलाईन फार्म भर सकते हैं। प्रवक्ता ने कहा कि सभी स्नातक व स्नातकोत्तर विषयों में प्रवेश के लिए पात्रता संबंधी जानकारी तकनीकी विश्वविद्यालय की वैबसाईट पर देखी जा सकती है। उन्होंने कहा कि जिन अभ्यार्थियों ने तकनीकी विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा दी है उन्हें भी कांउसलिंग के लिए ऑनलाईन आवेदन करना होगा। प्रवक्ता ने कहा कि बी.टैक में सीधे प्रवेश के लिए जे.ई.ई. मुख्य परीक्षा देने वाले को भी कांउसलिंग के लिए ऑनलाईन आवेदन करना होगा। उन्हांने कहा कि कांउसलिंग का शैडयूल जल्दी जारी किया जाएगा।